अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 29–01–2019 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के निर्देशन में एन.एस.एस. के तत्वावधान में मतदान के बारे में जागरूक करने के लिए एक मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने रवाना किया। उन्होंने मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि हमें स्वतन्त्र राष्ट्र का नागरिक होने के नाते मतदान का अधिकार मिला है उसे हमें बिना किसी प्रलोभन के निर्भीक होकर सोच समझ कर बुद्धिमता के साथ करना चाहिए व सही प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने "वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है" वोट करे वफादारी से, चयन करें समझदारी से", वोट हमारा है अधिकार, करें नहीं इसे बेकार" आदि नारों के साथ जनता को जागरूक करते हुए महाविद्यालय प्रांगण से लेकर बल्लबगढ़ मुख्य बाज़ार तक निकाली। यह रैली एन.एस.एस. अधिकारी श्रीमती रितु व डॉ. सीमा मलिक के सहयोग से निकाली गई। आज ही के दिन "ऊर्जा संरक्षण क्लब" के तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के निर्देशन में रैली का आयोजन किया गया जिसका विषय था "ऊर्जा बचाओ भविष्य बचाओ"। इस रैली को वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती कमल टंडन जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि पृथ्वी पर ऊर्जा के स्त्रोत सीमित हैं इसलिए हमें ऊर्जा का अत्याधिक व फिजूल उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि हम ऊर्जा बचा कर हम कैसे देश का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। इस रैली में विद्यार्थियों ने "ऊर्जा बचाओ देश बचाओ" और "ऊर्जा देता है आधुनिक जीवन की आजादी, भूल कर भी ना करना इसकि बर्बादी" आदि नारों के जरिए लोगों को ऊर्जा बचाने के लिए प्रेरित किया। यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से लेकर बल्लबगढ़ मुख्य बाज़ार तक गई। इस रैली के दौरान श्रीमती रितु, प्रवक्ता राजनीति शास्त्र विभाग, श्रीमति अनीता, प्रवक्ता वाणिज्य विभाग, श्रीमती डॉली मंगला, प्रवक्ता प्रबंधन विभाग मौजूद थे।